| आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल | |
|---|---|
| एस. ए. 1 (2014 – 15) | |
| हिंदी Set A | |
| तिथिः **26•09•14** | कक्षा ः आठवीं |
| समयः **3** घंटे | कुल अंक–**90** |

आवश्यक निर्देश—

*<u>पठन</u> भाग क के अंतर्गत वर्तनी संबंधी अशुदधियों के लिए **0.5** अंक काटे जाएँगे तथा उत्तर अपूर्ण होने पर भी **0.5** अंक काटे जाएँगे।*

*<u>भाषा</u> भाग ख में वर्तनी या वाक्य रचना संबंधी गलती होने पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा।*

*<u>साहित्य</u> भाग ग में वर्तनी संबंधी अशुदधियों के लिए प्रत्येक पाँच अशुदधियों के लिए **1** अंक काटा जाए।*

*<u>लेखन</u> भाग घ में उत्तर की गुणवत्ता,रचनात्मकता,लेखन क्षमता तथा सभी आवश्यक बिंदुओं के समावेश के आधार पर समग्र रूप से जाँचकर अंक दिए जाएँगे।*

**1**

<u>खंड क–पठन</u>

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः

घर वालों से शिष्ट व्यवहार करना उतना ही ज़रूरी है, जितना कि बाहर वालों से।घर में दूसरों का ख्याल रखने और अच्छा व्यवहार करने से नज़दीकी और अपनापन बढ़ता है।विनम्रता का मतलब है ,अच्छी तहज़ीब का पालन।खुद को संतुष्टि देने के साथ ही विनम्रता और शिष्ट व्यवहार के और भी कई फायदे हैं किंतु फिर भी लोग विनम्रता का पालन नहीं करते।कठोर और असभ्य लोग थोड़े समय के लिए सफल हो सकते हैं मगर ज़्यादातर लोग ऐसे व्यवहार वालों से दूर रहना चाहते हैं और आखिरकार ऐसे लोग नापसंद किए जाते हैं।बच्चों को बचपन से ही विनम्र व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बड़े होकर वे सभ्य, समझदार और दूसरों का ख्याल रखने वाले बन सकें।एक बार विनम्र व्यवहार सीख लें तो वह उम्र भर साथ रहता है।यह दूसरों का ख्याल रखने और संवेदनशील होने के नज़रिए को दर्शाता है।ऐसी बातें बहुत छोटी और साधारण लगती हैं लेकिन इंसान को बहुत दूर तक ले जाती हैं।उदाहरण के लिए कृप्या ,शुक्रिया ,धन्यवाद और मुझे क्षमा कर दीजिए जैसे चंद शब्द जादू का– सा असर दिखाते हैं।

क• शिष्ट और अच्छा व्यवहार क्यों आवश्यक है? **2**

उत्तर• दूसरों का ख्याल रखने और अच्छा व्यवहार करने से नज़दीकी और अपनापन बढ़ता है।

ख• कठोर और असभ्य लोगों का जीवन पूर्ण रूप से सफल क्यों नहीं होता? **2**

उत्तर• ज़्यादातर लोग ऐसे व्यवहार वालों से दूर रहना चाहते हैं और आखिरकार ऐसे लोग नापसंद किए जाते हैं।

ग• बच्चों को बचपन से ही कैसी शिक्षा दी जानी चाहिए और क्यों? **2**

उत्तर• बच्चों को बचपन से ही विनम्र व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बड़े

| | | |
|---|---|---|
| | होकर वे सभ्य, समझदार और दूसरों का ख्याल रखने वाले बन सकें।<br>घ• किन शब्दों में जादू का- सा असर होता है और क्यों ?<br>उत्तर• कृप्या ,शुक्रिया ,धन्यवाद और मुझे क्षमा कर दीजिए जैसे चंद शब्द जादू का-<br>सा असर दिखाते हैं। क्योंकि इन सबसे हम किसी के भी दिल में जगह बना सकते हैं।<br>ङ• विनम्रता में प्रयुक्त उपसर्ग को बताते हुए विनम्रता शब्द का अर्थ लिखिए।<br>उत्तर•वि उपसर्ग अर्थ-मधुरता<br>च• असाधारण एवं असफल शब्दों के विलोम गदयांश में से छाँटकर लिखें ।<br>उत्तर•साधारण एवं सफल | <br><br><br>2<br><br>2<br><br>2 |
| 2 | दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें ः<br>विवश नहीं वे विकल नहीं हैं<br>घने अंधकार में<br>चमकते ज्योति कण हैं।<br>नहीं ज्योति आँखों की<br>फिर भी क्या कमी दृष्टि की<br>देख सकते हैं खूब<br>ज्ञान की रोशनी से<br>जग की रीत न्याय- अन्याय सच-झूठ।<br>विवेक- व्यवहार से प्रकाशित उनका जीवन<br>ज्योतित है अंतर्मन।<br>विवश नहीं हाथों के अभाव में<br>कर सकते हैं काम वे सब<br>करने की जो मन में ठान लें।<br>छोड़ नहीं देते अधूरा काम वे<br>जिसे एक बार हाथ से थाम लें।<br>मनोबल जिसका बाहुबल से<br>है कहीं ज्यादा<br>अक्षमताएँ नहीं रोक सकती<br>उनका अटल इरादा।<br><br>क•कविता किन लोगों की ओर संकेत कर रही है?<br>उत्तर•कविता शारीरिक दृष्टि से अक्षम लोगों की ओर संकेत कर रही है।<br>ख•दृष्टि की कमी वालों की कवि ने क्या विशेषता बताई है?<br>उत्तर•दृष्टि न होते हुए भी उनका अंतर्मन ज्योतित है।<br>ग•नेत्रहीन लोगों का जीवन किससे प्रकाशित है?<br>उत्तर•विवेकपूर्ण व्यवहार से। | <br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br><br><br>1<br><br>1 |

| | | |
|---|---|---|
| | घ•हाथों से अपंग लोगों की क्या विशेषता बताई गई है?<br>उत्तर•उनके बाहुबल से उनका मनोबल कहीं ज्यादा उन्नत है।<br>ङ•उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।<br>उत्तर•शारीरिक अक्षमता ःनहीं है बाधक।<br>च•काव्यांश से क्या सीख प्राप्त होती है?<br>उत्तर•मनुष्य को अपनी शारीरिक कमी से ऊपर उठकर अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानकर आगे बढ़ना चाहिए। | **2**<br><br>**1**<br><br>**2** |
| **3** | <u>**खंड ग भाषा**</u><br>दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ः<br>क•दिए गए शब्दों में संधि करें–<br>**1**•अति**+**अंत<br>**2**•दु ः**+**लभ<br>उत्तर•**1**•अत्यंत<br>**2**•दुर्लभ<br>ख•दिए गए शब्दों में संधि विच्छेद करें –<br>**1**•वेदांत<br>**2**•तथैव<br>उत्तर•**1** वेद**+**अंत<br>**2** तथा**+**एव<br>ग•समासविग्रह करें व समास का नाम भी बताएँ –<br>**1**•बेरोज़गार<br>**2**•चक्रधर<br>उत्तर•**1** रोज़गार के बिना–अव्ययीभाव समास<br>**2** चक्र को धारण करने वाले अर्थात विष्णु जी–बहुब्रीहि समास<br>घ•समस्तपद बनाकर समास का नाम भी बताएँ–<br>**1**•नीला है जो कमल<br>**2**•देश के लिए भक्ति<br>उत्तर•**1** नीलकमल–कर्मधारय<br>**2** देशभक्ति–तत्पुरूष समास<br>ङ•देवनागरी लिपि की कोई दो विशेषताएँ बताएँ।<br>उत्तर•**1**•यह विश्व की एकमात्र वैज्ञानिक लिपि है।<br>**2**•इसमें एक ध्वनि के लिए एक चिह्न निर्धारित है।<br>च•बोली व उपभाषा में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट करें।<br>उत्तर•भाषा का अल्पविकसित एवं क्षेत्रीय रूप लिपि कहलाता है जब उसी बोली में साहित्य रचना होने लगे तो वह उपभाषा बन जाती है। | **2**<br><br>**2**<br><br>**2**<br><br>**2**<br><br>**2**<br><br>**2** |

| | | |
|---|---|---|
| | छ•लिपि क्या है?<br>उत्तर•उच्चरित ध्वनियों को लिखने की विधि को लिपि कहा जाता है।<br>ज•व्याकरण का क्या महत्व है?<br>उत्तर•व्याकरण किसी भी भाषा को शुद्ध रूप से लिखना और बोलना सिखाता है।<br>झ•जटिल और उज्ज्वल शब्दों के लिए विलोम बताएँ।<br>उत्तर•सरल एवं धूमिल | **1**<br><br>**1**<br><br>**1** |
| 4 | <u>खंड घ साहित्य</u><br>क•दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के संक्षिप्त उत्तर दीजिए ः<br>**1**•गाँवों में डाकिए को किस रूप में देखा जाता है?<br>उत्तर•देवदूत के रूप में क्योंकि वह उनके लिए पत्र लाने के साथ साथ मनीऑर्डर भी लाता है जिससे उनके घरों का चूल्हा जल सके।<br>**2**•ध्वनि कविता के कवि कलियों को कौन –सा संदेश देना चाहते हैं?<br>उत्तर•मनोहर प्रभात का संदेश देना चाहते हैं।<br>**3**•बिलवासी जी ने रूपयों का प्रवंध कहाँ से किया था?<br>उत्तर•अपनी पत्नी के संदूक से चोरी करके किया।अपनी सोती हुई पत्नी के गले में पडी चेन से ताली निकाली और चुपचाप संदूक से रूपए निकालकर उसे बंद कर दिया।<br>**4**•दीवानों की हस्ती कविता में दीवाने किसे कहा गया है?<br>उत्तर•जो बेफिक्री का जीवन जीते हैं लोगों के बीच मस्ती से जीवन जीने का संदेश देते हुए देश के लिए सब कुछ अर्पण कर देना चाहते हैं।<br>**5**•बदलू का स्वभाव कैसा था?<br>उत्तर•वह बेहद अच्छे स्वभाव का व्यक्ति था। वह पैसों के बदले चूड़िया नहीं बेचता था।वस्तुओं के बदले चूड़ियाँ देना उसकी आदत बन गई थी। लेखक ने उसे कभी भी किसी से झगड़ा करते नहीं देखा था।<br>**6**•कवि ने अपनी कविता का नाम ध्वनि क्यों रखा होगा?<br>उत्तर•ध्वनि शब्द का अर्थ है आवाज़। कविता में कवि के अंतःकरण या अंतर्मन की आवाज़ प्रकट हुई है।<br>ख•दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर विस्तार से दीजिए ः<br>**1**•पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या- क्या प्रयास हुए?<br>उत्तर•विश्व डाक संघ की ओर से पत्र लेखन को बढ़ावा दिया गया विश्व डाक संघ ने **1972** से **16** वर्ष से काम आयु के बच्चों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का कार्यक्रम आरंभ किया।स्कूली पाठयक्रम में पत्र लेखन को विषय के रूप में शामिल किया गया।<br>**2**•दीवानों की हस्ती कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर•हमें सुख दुख को एक समान भाव से अपनाना चाहिए, मस्ती भरा जीवन जीना | **5**<br><br>**12** |

चाहिए हमारे मन में स्व की भावना कम से कम तथा पर की भावना प्रगाढ़ होनी चाहिए अपने तथा पराए की भावना से ऊपर उठकर हमें सभी के कल्याण की कामना करनी चाहिए व गरीबों के सुख दुख का भी ख्याल रखना चाहिए।

**3•**लोगों ने यह सलाह क्यों दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफर नहीं करते?

उत्तर•वे बस की दयनीय दशा से भली भाँति परिचित थे बस कहाँ जाकर खराब हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता बस खराब होने पर ठीक होने की संभावना भी बहुत कम है।

**4•**मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

उत्तर•बदलू का काम छिन गया ,वह बेरोज़गार हो गया ,उसे गरीबी में जीवन बिताना पड़ा,उसे अपनी गाय बेचनी पड़ी,वह कमज़ोर और वृदध हो गया।

**5•**कामचोर कहानी क्या संदेश देती है?

उत्तर•बच्चों को पूरी तरह नौकरों के भरोसे न छोड़ें।बचपन से ही उन्हें छोटे- छोटे काम करने के लिए प्रेरित करें,उन्हें काम व श्रम की महत्ता बतानी चाहिए।काम में उनकी रूचि उत्पन्न की जानी चाहिए ताकि वे आलसी,कामचोर व माता पिता पर बोझ न बन जाएँ।

ग•गदयांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः

अगर आज जैसे संचार साधन होते तो पंडित नेहरू अपनी पुत्री इंदिरा गाँधी को फोन करते पर तब पिता के पत्र पुत्री के नाम नहीं लिखे जाते जो देश के करोड़ों लोगों को प्रेरणा देते हैं।पत्रों को तो आप सहेजकर रख लेते हैं पर एसएमएस संदेशों को आप जल्दी ही भूल जाते हैं।कितने संदेशों को आप सहेजकर रख पाते हैं तमाम महान हस्तियों की तो सबसे बड़ी यादगार या धरोहर उनके दवारा लिखे गए पत्र ही हैं।भारत में इस श्रेणी में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को सबसे आगे रखा जा सकता है।दुनिया के तमाम संग्रहालय जानी मानी हस्तियों के पत्रों का अनूठा संकलन भी हैं। **1**

**1•**पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किसे पत्र लिखा था?

उत्तर• इंदिरा गाँधी को। **1**

**2•**नेहरू जी दवारा लिखे गए पत्रों की आज क्या भूमिका है? **1**

उत्तर•ये पत्र आज भी प्रेरणा देते हैं।

**3•**पत्र और एसएमएस संदेशों में क्या अंतर है?

उत्तर•पत्र के संदेशों को संभालकर रखा जा सकता है। **1**

**4•**विरासत शब्द का क्या अर्थ है?

उत्तर•पुरखों से प्राप्त।

घ•पदयांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः

हम दीवानों की क्या हस्ती
हैं आज यहाँ कल वहाँ चले

| | | |
|---|---|---|
| | मस्ती का आलम साथ चला<br>हम धूल उड़ाते जहाँ चले।<br>**1**•कवि एवं कविता का नाम लिखें।<br>कविता का नाम दीवानों की हस्ती तथा कवि का नाम भगवती चरण वर्मा।<br>**2**•दीवाने एक स्थान पर क्यों नहीं टिकते हैं?<br>उत्तर•उन्हें अंग्रज़ों के विरूदध रणनीति तैयार करनी थी ऐसा करते हुए उन्हें पकड़े जाने का भी भय था इसलिए वे एक स्थान पर नहीं रूकते थे।<br>**3**•काव्यांश से मुहावरा छाँटकर वाक्य प्रयोग करें।<br>उत्तर•धूल उड़ाते चलनानेताजी के बेटे की बारात में बाराती धूल उड़ाते चल रहे थे ।<br>**4**•काव्यांश के आधार पर दीवानों की दो विशेषताएँ लिखें।<br>उत्तर•दीवाने आज़ादी पाने के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने के लिए तैयार थे।<br>•उनके साथ खुशियों का संसार होता था।<br>ड़•किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः<br>**1**•बिंबिसार की बातों का सिदधार्थ पर क्या प्रभाव पड़ा?<br>उत्तर•सिदधार्थ ने अपना निवास स्थान बदल लिया क्योंकि उन्हें भय था कि युवा राजा अपनी भेंट भेज भेज कर उनकी साधना में व्यवधान उत्पन्न करेगा।<br>**2**•राजकुमार सिदधार्थ की शिक्षा –दीक्षा का वर्णन करें।<br>उत्तर• सिदधार्थ अन्य शाक्य कुमारों के साथ साहित्य ,लेखन संगीत और खेलकूद की शिक्षा प्राप्त करने लगे।इन्होंने वेद और उपनिषदों का भी ज्ञान प्राप्त किया राज– काज और युदध विदया भी ग्रहण की।कुश्ती लड़ने मेंघुड़दौड़ में तीर चलाने में और रथ हांकने में कोई उनकी बराबरी नहीं कर सकता था।<br>**3**•सिदधार्थ से अलग होने पर छंदक और कंथक की दशा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।<br>उत्तर•अश्वशाला में आने के बाद कंथक ने न कुछ खाया न पिया और कुछ दिनों के बाद उसकी मृत्यु हो गई।छंदक अपने स्वामी को जाते देख फूट फूट कर रोने लगा उसका दिल अतीव दुख से इतना भारी था कि जिस दूरी को वह पहले एक दिन में पूरा करता था अब वही दूरी उसने आठ दिनों में पूरी की। | **1**<br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**5** |
| **5** | <u>खंड घ– लेखन</u><br>क•नियमित रूप से खेलने और व्यायाम करने की सलाह देते हुए अनुज को पत्र लिखें।<br>ख•किसी एक विषय पर लगभग **15**शब्दों में अनुच्छेद लिखें ः<br>**1**•कंप्यूटर आज की आवश्यकता या समय का दुरूपयोग।<br>**2**•वर्षा ऋतु मेरी प्रिय ऋतु<br>ग•परीक्षा की तैयारी के संबंध में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखें।<br>घ• इंडिगो विमान सेवा ने दिल्ली से कानपुर विमान यात्रा सेवा आरंभ की है ।इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें। | **5**<br>**5**<br>**5**<br>**5** |

| | | |
|---|---|---|
| | ड॰दिए गए चित्र को देखकर अपने विचार व्यक्त करें ः<br>प्रस्तुतिकरण **2**<br>भाव **2**<br>लेखन कौशल **1**<br> | **5** |